भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1202

उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026

सोमवार, 2026/5 श्रावण, 1948 (शक)

पेरम्बलूर में पीएम सेतु योजना का कार्यान्वयन

1202. श्री अरुण नेहरूः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पेरम्बलूर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगार योग्यता परिवर्तन योजना (पीएम-सेतु) के अंतर्गत उन्नयन किए जाने के लिए किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को चिन्हित किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त क्षेत्र में पीएम सेतु को कार्यान्वित करने के लिए पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आबंटित की गई और जारी की गई निधि कितनी है;

(ग) निर्वाचन क्षेत्र की आईटीआई में एआई प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक वर्कशॉप और आधुनिक प्रशिक्षण उपकरण सहित सृजित किए जाने या उन्नयन किए जाने के लिए प्रस्तावित अवसंरचना क्या है;

(घ) निर्वाचन क्षेत्र में प्रशिक्षुओं के लिए पाठ्यक्रम को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार ढालने, शिक्षुता, दोहरे प्रशिक्षण कार्यक्रम और कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा के लिए बनाई गई उद्योग साझेदारी का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पेरम्बलूर निर्वाचन क्षेत्र के प्रमाणित प्रशिक्षार्थियों की नियोजन क्षमता बढ़ाने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं, साथ ही पीएम सेतु के अंतर्गत प्लेसमेंट लक्ष्य क्या हैं और निगरानी प्रणाली क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ङ) उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगार योग्यता परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना का उद्देश्य देश में उन्नत प्रयोगशालाओं, आधुनिक मशीनों तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता को सुदृढ़ करना है।

इस योजना के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

(i) आईटीआई एवं राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में प्रशिक्षण प्रदायगी की गुणवत्ता में सुधार करना;

(ii) उद्योग मानकों के अनुरूप अवसंरचना एवं उपकरणों का आधुनिकीकरण करना;

(iii) विशेष रूप से नवोन्मेषी एवं उभरते क्षेत्रों में उद्योग-अनुरूप दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू करना;

(iv) मांग-आधारित कौशल विकास तथा बेहतर रोजगार परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों के साथ सहभागिता को मजबूत करना; और

(v) प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की क्षमता में वृद्धि करना।

इस योजना के अंतर्गत दो घटक शामिल हैं:

(i) घटक-I: 1,000 राजकीय आईटीआई (200 हब आईटीआई एवं 800 स्पोक आईटीआई) का हब एवं स्पोक मॉडल के अंतर्गत उन्नयन, जिसमें स्मार्ट कक्षाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं, डिजिटल शिक्षण सामग्री तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाएगा।

(ii) घटक-II: भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर एवं लुधियाना स्थित पाँच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की क्षमता में वृद्धि, जिसमें वैश्विक सहभागिता के साथ प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण हेतु क्षेत्र-विशिष्ट राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना भी शामिल है।

पीएम-सेतु योजना के अंतर्गत आईटीआई का चयन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उद्योग के साथ परामर्श करके किया जाता है, ताकि उभरती कौशल आवश्यकताओं एवं स्थानीय औद्योगिक क्षमता के अनुरूप उनका चयन सुनिश्चित किया जा सके।

तमिलनाडु सरकार ने पीएम-सेतु योजना के अंतर्गत 6 क्लस्टरों की पहचान की है, जिनमें 6 हब आईटीआई एवं 24 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। हब एवं स्पोक आईटीआई की सूची **अनुलग्नक-I** में दी गई है। अब तक तमिलनाडु सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत पेरम्बलूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी आईटीआई को चिन्हित नहीं किया गया है। साथ ही, राज्य से प्राप्त कोई भी प्रस्ताव अथवा कार्यनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) राष्ट्रीय संचालन समिति (एनएससी) के विचारार्थ अथवा अनुमोदन हेतु लंबित नहीं है। तदनुसार, पीएम-सेतु योजना के अंतर्गत आईटीआई के उन्नयन के लिए कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, प्रशिक्षण विशेषज्ञों तथा अन्य संबंधित हितधारकों के परामर्श से पाठ्यक्रम विकसित किए जाते हैं तथा समय-समय पर उनका पुनरीक्षण किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रशिक्षण सामग्री उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप बनी रहे। इसके अलावा, प्रशिक्षुओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, उद्योग संबद्धता को सुदृढ़ करने तथा उन्हें नवीनतम प्रौद्योगिकियों एवं कार्य-पद्धतियों से परिचित कराने के लिए फ्लेक्सी एमओयू योजना तथा दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (डीएसटी) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को अपनी विशिष्ट कौशल आवश्यकताओं तथा बाजार-मांग के अनुरूप अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा प्राप्त होती है, वहीं प्रशिक्षुओं को उद्योग परिवेश में व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं कार्य अनुभव प्राप्त होता है। इन योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत प्रशिक्षुओं को संबंधित संगठनों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित किया जा सकता है अथवा उन्हें शिक्षु के रूप में नियोजित किया जा सकता है।

सीटीएस के अंतर्गत प्रमाणपत्र प्राप्त प्रशिक्षुओं की रोजगार योग्यता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने सभी सीटीएस पाठ्यक्रमों में रोजगार योग्यता कौशलों को अनिवार्य घटक के रूप में सम्मिलित किया है, जिनमें संचार कौशल, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, उद्यमशीलता, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा पेशेवर नैतिकता जैसे विषय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक अनुभव एवं कार्य-आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनकी रोजगार-तत्परता बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम में 150 घंटे के अनिवार्य ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी)/ग्रुप प्रोजेक्ट को भी शामिल किया गया है।

अनुलग्नक-1

"पेरम्बलूर में पीएम सेतु योजना का कार्यान्वयन" के संबंध में श्री अरुण नेहरू द्वारा दिनांक 27.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1202 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक ।

तमिलनाडु राज्य में चिन्हित हब और स्पोक आईटीआई की सूची नीचे दी गई है:

क्र.सं.	जिला	हब आईटीआई	स्पोक आईटीआई
1	कोयंबटूर	राजकीय आईटीआई, कोयंबटूर	राजकीय महिला आईटीआई, कोयंबटूर
2			राजकीय आईटीआई, धारापुरम
3			राजकीय आईटीआई, गोबिचेट्टीपलायम
4			राजकीय आईटीआई, इरोड
5	कृष्णागिरी	राजकीय आईटीआई, होसुर	राजकीय आईटीआई, सेलम
6			राजकीय महिला आईटीआई, सेलम
7			राजकीय आईटीआई, धर्मापुरी
8			राजकीय आईटीआई, मेट्टुरडैम
9	मदुरै	राजकीय आईटीआई, मदुरै	राजकीय आईटीआई, डिंडीगुल
10			राजकीय आईटीआई, थेनी
11			राजकीय आईटीआई, कराईकुडी
12			राजकीय आईटीआई, परमकुडी
13	थूथुक्कुडी	राजकीय आईटीआई, थूथुकुडी	राजकीय आईटीआई, तिरुनेलवेली
14			राजकीय आईटीआई, तिरुचेंदूर
15			राजकीय आईटीआई, नागरकोइल
16			राजकीय आईटीआई, विरुधुनगर
17	तिरुवल्लुर	राजकीय आईटीआई, अंबत्तूर	राजकीय आईटीआई, चेंगलपट्टू
18			राजकीय आईटीआई, पेरुम्बक्कम
19			राजकीय आईटीआई, वेल्लोर
20			राजकीय आईटीआई, रानीपेट
21	तिरुचिरापल्ली	राजकीय आईटीआई, त्रिची	राजकीय आईटीआई, तंजावुर
22			राजकीय आईटीआई, पुदुक्कोट्टई
23			राजकीय महिला आईटीआई, पुल्लमबाड़ी
24			राजकीय आईटीआई, विरालीमलाई

*****